Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 23-10-2022 अंक 381

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# विधायक एवं अधिकारियों के उदासीनता के कारण 10 साल बाद भी नही हो पाया 45 लाख के लागत से बना बस पड़ाव का उद्घाटन, बरही चौक पर होती है चुंगी वसूली


## झाड़ियों में तब्दील हुआ पार्क, टूटे झूले बने निशानी



बरही का बस पड़ाव उद्घाटन से पहले हुआ जर्जर




बरही का डॉ ए. पी. जे कलाम पार्क झाड़ियों में हुआ तब्दील



पार्क से गायब हुए झूले



खराब हुआ वाटर फाउंटेन



बरही पेय जल स्वच्छता कार्यालय में गंदगी का अंबार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही हजारीबाग रोड में स्थित बरही बस पड़ाव आज भी चालू होने का बाट जोह रहा है। 10 साल पहले लगभग 10 लाख के लागत से बस पड़ाव का जीर्णोधार किया गया था । ताकि बस पड़ाव चालू किया जा सके। स्थानीय लोगो को रोजगार मिल सके। लेकिन विधायक एवं बरही के आला अधिकारियों के उद. ासीनता के कारण जीर्णोधार के 10 साल बाद भी इसे चालू कराने के प्रति किसी का ध्यान नही है। बस पड़ाव में वाहनों का ठहराव नही हो पाया है। या यूं कहे अभी तक बस स्टैंड चालू नही हो पाया है। बस पड़ाव आज भी वीरान है। जबकि बरही चौक के आस पास वर्षो से संचालित बरही का बस स्टैंड अब तक बरही चौक पर ही संचालित है। जिसके कारण बरही चौक पर हमेशा जाम और दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

वही बस स्टैंड भी उद्घाटन का इंतजार करते करते पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। अब तो आलम यह है की लोग यहां कूड़ा कचरा फेंकना शुरू कर दिए है। जिससे आस पास के लोगो की परेशानी बढ़ने लगी है।

चौक पर जाम से निजात पाने के लिए बस स्टैंड का चालू होना अनिवार्य करोड़ो के लागत से बनी तीन राजमार्गो को जोड़ने वाली संगम स्थल बरही चौक का सुंदरीकरण की सुंदरता भी प्रभावित होती है। अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार तो जाम अधिक होने के कारण एंबुलेंस को भी जगह नहीं मिल पाता है। जिससे जाम हटने का इंतजार एंबुलेंस चालक को भी करना पड़ता है। जबकि जाम से निजात पाने के लिए एक मात्र उपाय है बरही बस स्टैंड का चालू करना। निजी स्वार्थ के कारण ना तो स्थानीय प्रशासन न तो स्थानीय जन प्रतिनिधि न ही राजनीतिक दल से जुड़े नेतागण ही रुचि ले रहे है।

### झाड़ियों में तब्दील हुआ पार्क, टूटे झूले बने निशानी

बरही प्रखंड परिसर में स्थित डॉ ए . पी. जे अबुल कलाम पार्क का हाल बेहाल है। इस पार्क का उद्घाटन 10 मार्च 2017 को बरही के तत्कालीन विधायक मनोज कुमार यादव, एसडीओ शब्बीर अहमद, प्रमुख मंजू देवी ने संयुक्त रूप से किया था। इस पार्क का निर्माण लगभग 25 लाख के लागत से किया गया था, पार्क में बच्चो को झूलने के लिए झूले, बैठने के लिए शेड और पार्क की सुंदरता बढ़ाने के लिए एनटीपीसी के सौजन्य से वाटर फाउंटेन लगवाया गया था। जहां सैकड़ों लोग प्रत्येक दिन घूमने के लिए जाते थे परन्तु पांच साल बाद ही इस पार्क का हाल बेहाल हो गया। बुजुर्गो के टहलने और बच्चो के खेलने के लिए कभी लाखों रुपए की लागत से बनाए गए पार्क रखरखाव के आभाव ने अब झाड़ियों में तब्दील हो चुका है। बच्चों का झूला अब पार्क से गायब हो चुका है। वहीं राजनीतिक विकास के दावों की हवा निकालते हुए स्थानीय लोगो को मुंह चिढ़ाते हुए दिखाई देते है। अब ये पार्क संभ्रांत लोगो के घूमने के लिए नही बल्कि असामाजिक तत्वों के बैठने का डेरा बन चुका है।

### नियमित साफ - सफाई नही होने से गंदगी का लगा अंबार, आस पास के लोग परेशान

बरही का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कार्यालय में इन दिनों गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सरकार की और से लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। लोगो को अपने आस - पास साफ सफाई रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता अभियान के नाम पर करोड़ों रुपए भी खर्व किए जा रहे है। शहर से गांव तक के लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बावजूद सरकार का यह अभियान दम तोड़ता दिख रहा है। लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाली पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कार्यालय में इन दिनों गंदगी का अंबार लगा हुआ है। आस पास के लोगो में बताया की कचरा का नियमित सफाई नही होने के कारण आज पास के लोग बदबू से परेशान रहते है। जमा कचरों से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। जिससे भिन्न भिन्न प्रकार की बीमारियां फैलने की आशंका है।

### करोड़ो की राशि से प्रखंड परिसर में बने पानी टंकी से ग्रामीणों को आज तक एक बूंद नहीं मिला पानी

बरही वासियों को बड़ी सुविधा तब होती जब यहां पर बने पानी टंकी से पेयजलापूर्ति योजना को सुचारू रूप से जलाया जा सकता। लेकिन आज तक इसे चालू नही किया जा सका है। जो निश्चित तौर पर चिन्ता का विषय है। वर्तमान समय में यह पानी का टंकी शोभा बढ़ाने की वस्तु बनकर रह गई है। बात आज तक एक बूंद भी पानी की सप्लाई हो पाता तो लोग इसके स्वाद को अवश्य ही जान पाते किंतु समय के आगे सब कुछ बेकार साबित हो गया है। लोगो की आशाएं धरी की धरी रह गई है। ज्ञात हो की पानी टंकी लोगों की नई आशाएं लेकर आया था लेकिन लोगो का प्यास आज तलक इस जलमीनार से नही बुझ पाई है।

अपेम लाइव न्यूज

समस्याओं को आगे रखने वाली एक मात्र डिजिटल अखबार

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

## भंडारों पंचायत में भारत जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन, महंगाई पर चर्चा

### भंडारों पंचायत के अध्यक्ष बने शमशेर एवम सचिव बने बहादुर पासवान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



भारत जोड़ो कार्यक्रम में मौजूद लोग

भंडारों पंचायत में बरही कांग्रेस कमेटी की ओर से भारत जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता एवम संचालन प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। इस कार्यक्रम में राहुल गांधी की ओर से चलाए जा रहे भारत जोड़ो कार्यक्रम के की जानकारी देते हुए अब्दुल मनान वारसी ने कहा की देश में भाजपा को और से नफरत फैलाया जा रहा है। जाति धर्म एवम संप्रदाय के नाम पर विद्वेष फैलाया जा रहा है। भारत जोड़ो कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस पार्टी आपसी भाईचारगी, शांति कायम करना चाहती है। कहा की देश में महंगाई चरम पर है आम आदमी का जीना दूभर हो गया है मध्यमवर्गीय परिवारों का जीना मुहाल हो गया है प्रतिदिन पेट्रोल डीजल एवं हर सामग्री में बेतहाशा वृद्धि हो रही है आम आदमी परेशान है रोजगार नहीं मिल रहा है ग्रामीण पलायन की ओर है ऐसी स्थिति में कांग्रेस पार्टी ही एक मात्र सहारा है जो देश को इस कठिन परिस्थिति से निकाल सकता है। मौके पर भंडारों पंचायत में अध्यक्ष सचिव का चयन किया गया। इसमें मो शमशेर आलम को अध्यक्ष एवम बहादुर पासवान को सचिव बनया गया। मौके पर गुलजार, रामचंद्र, शराफत,नईम खान, सफीक खान, इस्लाम अंसारी,अलाउद्दीन, इलियास अंसारी, वहांब खान,राजू पांडेय, मंजूर आलम, कलाम अंसारी, गुलाम अंसारी, सुनील पांडेय, बहादुर पासवान, सीताराम पांडेय, दिनेश यादव, राजेश यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## बरही के प्राचीन छठ घाट पर बरही पुलिस, कोबरा 203 एवं पत्रकार ने संयुक्त रूप से चलाया सफाई अभियान





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

आस्था के महापर्व छठ पर्व जैसे जैसे नजदीक आ रहा है। छठ घाट की सफाई भी तेज हो गई है। इसी क्रम में बरही पुलिस, कोबरा 203 एवं बरही के पत्रकारों ने रविवार को बरही के प्राचीन छठ घाट पर रविवार को संयुक्त रूप से सफाई अभियान चलाया। यह सफाई अभियान सुबह के 7 बजे से लेकर 9 बजे तक चलाया गया। बरही थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया की आगे भी अलग - अलग छठ घाटों में सफाई अभियान जारी रहेगा। इस सफाई अभियान में छठ पूजा समिति के लोग, बरही थाना प्रभारी ललित कुमार, कोबरा के पीआरओ पंकज कुमार यादव, पत्रकार प्रमोद विश्वकर्मा, श्याममोहन शर्मा, राजदेव गुप्ता, रितेश कुमार, अनुज कुमार, दयानंद चौरसिया, सोनू पंडित, जयदीप सिन्हा, बिपिन बिहारी पांडेय, अनुज सोनी, सुरेंद्र निषाद, सोमनाथ कुमार, राजेश केशरी सहित कोबरा 203 एवं बरही थाना के दर्जनों अन्य जवान शामिल थे।




## प्रत्येक कॉलेज में स्वच्छता के पांच मापदंडों का अनुपालन जरूरी : भोलानाथ सिंह

### आर एन वाई एम कॉलेज बरही में स्वच्छता को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन, स्वच्छता पर जोर





कार्यशाला में स्वच्छता की जानकारी देते भोलानाथ सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के महत्मा गांधी नेशनल काउंसिल ऑफ रूरल एजुकेशन की ओर से रविवार को राम नारायण यादव मेमोरियल क०लेज बरही में स्वच्छता को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवम संचालन प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने किया । इस कार्यशाला में बतौर प्रशिक्षक मार्खम कॉलेज के प्रोग्राम ऑफिसर सह जिला नोडल पदाधिकारी सह महात्मा गांधी नेशनल काउंसिल ऑफ रूरल एजुकेशन के प्रोजेक्ट एसोसिएट भोला नाथ सिंह ने स्वच्छता के पांच मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा भारत सरकार का शिक्षा मंत्रालय स्वच्छता को लेकर काफी गंभीर है । वह चाहता है की देश के हर एक कॉलेज में स्वच्छता को लेकर प्रत्येक विद्यार्थी से लेकर शिक्षक जागरूक रहें । उन्होंने स्वच्छता के पांच मापदंडों की जानकारी देते हुए कहा की स्वच्छता न केवल अपने शरीर एवम आस पास की साफ सफाई तक ही सीमित है। बल्कि स्वच्छता के पांच मापदंडों में शारीरिक एवं मानसिक स्वच्छता , कचरा का सही निपटान, जल संग्रहण एवम संरक्षण, सोलर एनर्जी एवम हरियाली को बढ़ावा शामिल है। प्रत्येक कॉलेज में प्रत्येक छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को शारीरिक तौर स्वस्थ रहने के साथ-साथ महाविद्यालय परिसर में व्याप्त कचरा का सही निपटान करना जरूरी है । इसके अलावा प्रत्येक कॉलेज में वाटर हार्वेस्टिंग की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए। ताकि घटती जल स्तर की समस्या को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कॉलेज परिसर को साफ सुथरा रखना एवं पौधारोपण कर क०लेज को स्वच्छ, हरियाली एवं सुंदर बनाना भी स्वच्छता का मापदंड में शामिल है । कहा की प्रकृति का दोहन न कर प्रकृति की अनुपम भेंट को संवार कर रखनी चाहिए। इस अवसर पर इतिहास विभाग के एचओडी डॉअरुणा रानी ने कहा कि भारत सरकार का शिक्षा मंत्रालय का यह पहल सराहनीय एवं प्रशंसनीय है । उनके कॉलेज में एनएसएस के माध्यम से इस तरह का स्वच्छता को लेकर कई कार्यक्रम किए जाते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। प्राचार्य डॉ विमल किशोर ने कहा कि राम नारायण यादव कॉलेज स्वच्छता के मामले में हमेशा से गंभीर रहा है और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की इस मुहिम में कदम से कदम मिलाकर महाविद्यालय को स्वच्छ बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा । उन्होंने स्वच्छता के पांच मापदंडों को अपने कॉलेज उतारने का प्रतिबद्धता दुहरायी। मौके पर प्रोजेक्ट एसोसिएट भोला नाथ सिंह ने कॉलेज की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन कर सत्यापन किया एवं वर्तमान स्थिति में कॉलेज के संस्थान के प्रति संतोष जाहिर करते हुए कहा कि कॉलेज स्वच्छता के मूल मापदंड को पूरा करता है । कॉलेज विकाशील की ओर है। स्वच्छता के प्रति और गंभीर होने की जरूरत है। उसके लिए कॉलेज एवं सरकार को भी सहयोग करने की आवश्यकता है। मौके पर डॉ बिमल किशोर, एन एस एस प्रोग्राम पदाधिकार अरुणा रानी, एनसीसी पदाधिकारी अजय रंजन, दिनेश यादव, गामा कपरदार, हरेंद्र सिंह, कविता कुमारी, रामसेवक राम, मुन्ना साव सहित कई लोग मौजूद थे।

## श्रेष्ठा आयरन फैक्ट्री के भट्ठी इंचार्ज के साथ फैक्ट्री के वर्कर ने ही की मारपीट, अस्पताल में भर्ती

### बरही थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग, एडवांस को लेकर मारपीट का आरोप

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही औद्योगिक प्रक्षेत्र में संचालित श्रेष्ठा आयरन फैक्ट्री के भट्ठी इंचार्ज मो मोजम्म अली ( 35) पिता मो मुख्तार कुशीनगर यूपी निवासी के साथ इसी फैक्ट्री में काम करने वाले चौपारण निवासी अमित सिंह ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल अवस्था में उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। इस बाबत मो मोजम अली ने बरही थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन देकर मो मोजम ने बताया की वह अपने क्वार्टर में था। अमित सिंह आकर उनसे 15000 रुपए एडवांस मांगा। 10000 दे रहा था। लेकिन भी नही लिया और गली गलौज करने लगा। मना करने पर मारपीट करने लगा और मेरे प०केट से 50000 रुपए छीन लिया। हालांकि अमित सिंह ने आरोप को निराधार बताया।



दिनांक: 23-10-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## दीपों को नही मिला बाजार, निराश रहे चौपारण के कुम्हार

### लोगों का अपील नही आया काम, दीपों के तुलना में चाइनीज सामान की खरीदारी ज्यादा

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



दीपावली शब्द ही जिस दीप से बना है, उसका अस्तित्व आज ख़तरे में है। जैसे जैसे ये जमाने का चलन बदल रहा है मिट्टी के दिए की कहानी भी खत्म होती जा रही है। कुम्हारो का दर्द है कि उनका ये पुस्तैनी पेशा बाजार के अभाव में दम तोड़ता जा रहा है। हालात ये है कि दीवाली से पहले चौपारण के कुम्हार के चेहरे पर उदासी व मायूसी छाया रहा। जानकारों की माने तो कुम्हार द्वारा मेहनत कर बनाये गए मिट्टी के दीप का सही मेहनताना तक नही मिल पाता है। कई कुम्हार पुस्तैनी काम होने की वजह से मजबूरन इस व्यवसाय से जुड़े हुए है जबकि कई कुम्हार इस पेशा को छोड़कर अन्य रोजगार के तलाश में लगे हुए है । बाजार में कम किमत पर चीन द्वारा निर्मित एलईडी बल्ब की लरी व अन्य उत्पादों की मांग ज्यादा होने की वजह से भी दीपों का खरीदारी कम हो रही है। इस दौरान चौपारण रिपोर्टर किशोर कुमार ने चौपारण बाजार में कुम्हार द्वारा बनाये गए दीपों का बिक्री कर रहे युवक व युवती से बातचीत के दौरान उन्होंने अपनी पीड़ा को सुनाते हुए कहा कि एक जमाना था जब दीवाली हमारे लिए व्यवस्त समय होता था, लोग घरों में दीपावली के दिन घी तेल के दिए जलाते थे और सौ दो सौ व हज़ार दिए तक घरों के लिए खरीदे जाते थे, लेकिन आजकल 10-20 से ही काम चला लेते हैं. और कई घरों में तो वो भी नहीं. मोमबत्ती और बिजली की झालर है तो दीए को कौन पूछता है। आज से 10 से 15 वर्ष पूर्व कुम्हार द्वारा निर्मित दिए का टोकरी घर घर पहुँचता था लेकिन आज बाजार में भी खरीदार कम मिल रहे है। लगातार सोशल मीडिया पर लोग दीपावली पर मिट्टी के दिये जलाने का अपील करते दिख रहे है लेकिन इसका कोई असर नही के बराबर हो रहा हो।

**घर में जलाएं मिट्टी के दिये, तभी बचेगा कुम्हारों की पहचान : प्रमुख चौपारण**

चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी ने लोगों से अपील किया कि कुम्हार द्वारा बनाये गए दीपों को खरीदे ताकि कुम्हार के परिवार का भरण पोषण हो सके एवम इनके मेहनत का सही मे. हनताना मिल सके। चाइनीज लाईट कुम्हार की पहचान को खतम कर रहा है। इस दीपावली अपने घरों को दीपों से करे जगमग।

## सांसद व विधायक किया NHI-31का शिलान्यास

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



कोडरमा चंदवारा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में( मंगला हाट में) जन उपयोगी सड़क NHI&31 का प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस जिसका मंच संचालन द्वारका प्रसाद राणा के द्वारा किया गया इस मौके पर मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा के लोकप्रिय सांसद माननीय श्री जयंत सिन्हा एवं बरही के विधायक श्री अकेला यादव ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया बता दें कि चंदवारा होते हुए करमा तक सड़क की स्थिति बहुत ही जर्जर है बहुत जल्द ग्रामीणों को चंदवारा से होते हुए भाया माथाडी करमा तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का निर्माण होना पारित हुआ है जिसका विधिवत शिलान्यास सांसद व विधायक ने संयुक्त रूप से किया इस मौके पर सांसद श्री जयंत सिन्हा ने कहा कि भारत सरकार के उन सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाना सरकार की पहली प्राथमिकता है वही विधायक श्री अकेला यादव ने कहा कि अपने क्षेत्र की हर एक विकास कार्य योजनाओं का हम स्वागत करते हैं यह सड़क बन जाने से ग्रामीणों को हो रही समस्याओं से राहत मिलेगी इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि श्री चंद्रभूषण साव विधायक प्रतिनिधि राज. कुमार यादव 20 सूत्री अध्यक्ष अज्जू सिंह भाजपा प्रखंड अध्यक्ष द्वारका प्रसाद राणा पूर्व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव चंदवारा पूर्वी मुखिया श्रीमती अनीता देवी थाम पंचायत मुखिया श्रीमती पुष्पा देवी थाम पंचायत समिति सदस्य रविशंकर दास चंदवारा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद बरनवाल कोडरमा कांग्रेस अध्यक्ष पिंकू सहाय , आरागारो मुखिया प्रतिनिधि मुंशी यादव ,पूर्वी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बाल गोविंद सोनी, पिपराडीह मुखिया प्रतिनिधि धीरज कुमार ,समाजसेवी कृष्णप्रसाद राणा, बबलू यादव, छोटेलाल मोदी ,उप मुखिया प्रतिनिधि पूर्वी द्वारिका यादव व अन्य मौजूद रहे

## आपदा मित्रों ने बिरहोर परिवारों के बीच खुशीयां बांटकर मनाई दीपावली

### कठंबा,चोरदाहा के बिरहोर परिवारों के साथ पटाखे,मिठाई,दीप और भोजन का वितरण

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**


कठंबा में बिरहोर परिवारों के बीच भोजन बांटते आपदा मित्र

आपदा मित्रों ने बिरहोर परिवारों के साथ खुशियां बांटकर दीवाली मनाई। इस दौरान कठंबा और चोरदाहा के बिरहोर परिवारों के साथ भोजन, मिठाई,पटाखे,दीप आदि का वितरण किया। इस बात की जानकारी देते हुए आपदा मित्र रोहित जैन ने बताया कि खुशियों का त्यौहार दीपावली में हर घर रौशन हो , दीपों से प्रकाशमय हो , बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और मिठास हो यही सोच के साथ आपदा मित्र के सदस्यों द्वारा बीते कई सालों से दीपावली पर पटाखे खाने व दीप का वितरण होता है। साथ ही सदस्य रोहित जैन ने अपने पिता की याद में भोजन व मिठाई का भी वितरण किया। इस मौके पर चौपारण थाना प्रभारी शम्भूनन्द ईश्वर भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि बिरहोर परिवारों की मदद हर सक्षम लोगों को करना चाहिए। उन्होंने दीपावली पर्व धूमधाम व शांति से मनाने की अपील प्रखण्ड वासियों से करते हुए उन्हें दीपावली की ढेरों सारी शुभकामनाएं भी दी है। मौके पर आपदा मित्र सदस्य सह पत्रकार शशि शेखर , रोहित जैन, दिलीप राणा, सन्नी अग्रवाल,मनीष कुमार, बिनोद कुमार,कृष्णा पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हेमन्त सरकार के वाहन अधिनियम का मोटर यूनियन ने किया विरोध, संसोधन की माँग

### नागालैंड की तुलना में झारखण्ड सरकार तीन गुने टैक्स वसूल रही है : बबलू खान

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



झारखण्ड मोटर यूनियन के बैनर तले प्रखण्ड के कर्बला चौक सिंघरावां में मोटर वाहन मालिकों के बीच बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अगुवाई केवला निवासी बबलू खान ने किया। झारखण्ड सरकार द्वारा लागू किये गए मोटर अधिनियम का विरोध करते हुए इसमे संसोधन की मांग किया। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए बबलू खान ने बताया कि झारखण्ड सरकार 4018 वाहन का टैक्स 38 हजार जबकि अन्य प्रदेश नागालैंड सरकार टैक्स के रूप में प्रति वर्ष 14 हजार रुपये लेती है। 5530 वाहन में झारखंड सरकार 45 हजार वही नागालैंड सरकार 16 हजार ले रही है। झारखंड सरकार ढाई से तीन गुना अधिक टैक्स लेने के कारण झारखंड के वाहन मालिक नागालैंड से वाहन को पास करवाते हैं। दूसरी तरफ झारखंड सरकार का आरटीओ कार्यालय में वाहनों का टैक्स परमिट का पेपर तीन-चार महीने लेट लतीफ होता है। जबकि अन्य प्रदेश में एक सप्ताह में नई वाहन का पेपर मिल जाता है। वाहन मा. लिकों ने झारखंड सरकार से मांग किया है कि अन्य प्रदेश के अनुसार झारखंड सरकार भी टैक्स ले। जिससे हर एक झारखंडी अपने ही राज्य से वाहन को पास करवा कर झारखंड सरकार में राजस्व का वृद्धि करवाने में सहयोग कर सकेंगे। वाहनों मालिको ने नियम में संसोधन नही होने पर आंदोलन को मजबुर होने की बात कही। इस दौरान यूनियन का गठन किया गया जिसमे सर्वसम्मति से केवला निवासी फहीम खान अध्यक्ष, सचिव अल्लाउद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष नईम खान, संरक्षक बबलू खान व इरफान खान सहित हर क्षेत्र से सक्रिय सदस्यों का चयन किया। मौके पर इरफान खान, केसठ मो जावीर, धमना मो समीम, चंदवारा महादेव पंडित, बरही समसाद अली, मो नईम खान, पेटादेरी नरेश यादव, कृष्णा रजक, चंद्रशेखर साव, सुनील साव, सकील अख्तर, चक अरविन्द राणा, सिमरिया अल्लाउद्दीन अंसारी, चीलोडीह आजाद खान, सिंघरावां गुड्डू ठाकुर, ब्रह्मदेव कुमार सहित सैकड़ों वाहन मालिक उपस्थित थे।

## चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव सेंटर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बुंडू में संचालित चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव सेंटर में शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कोचिंग के छोटे छोटे बच्चो ने भाग लिया और सुंदर और आर्कषक रंगोली बनाई। वहीं बच्चों की कलाकारी को देखकर संस्थान के संचालक दीपक कुमार मंत्रमुग्ध हो गए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना दीपक कुमार ने की है।




APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## घंघरी ने जमाया खिताब पर कब्जा







**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**

कोडरमा चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में वाई .ए .सी चंदवारा के तत्वधान में हुए दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का हुआ समापन इस टूर्नामेंट में जिले की कुल आठ टीमें भाग ली थी जिसका उद्घाटन मैच सूर्या फुटब०ल एकेडमी कोडरमा बनाम गुम्मो के बीच खेला गया था इस मैच के उद्घाटन करता पुलिस लाइन के मेजर श्री विनाश टुडू सार्जेंट श्री मनीष कच्छप एवं पुलिस मेंस एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के द्वारा एवं चंदवारा पश्चिमी के मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया जिसका फाइनल मुकाबला घंघरी बनाम गुम्मो के बीच 30/30 मिनट का खेला गया जिसमें दोनों ही टीमें ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया दोनों टीमों ने खेल में ही दो-दो गोल किए अंततः पेनेल्टी शूटआउट में घंघरी की टीम विजय हासिल हुई इस मैच के पूर्व डोमचांच बनाम चंदवारा महिला टीम के बीच एक प्रदर्शनी मैच खेला गया जिसमें डोमचांच महिला टीम 1/0 से विजय हुई वही फाइनल मैच में 100 मीटर के तिरंगे के साथ पूरे ग्राउंड को भव्य तरीके से सजाकर राष्ट्रीय गान के साथ फाइनल मुकाबले का शुभा. रंभ किया गया तथा गुम्मो एवं घंघरी टीम को टीम ल०न्च पैड के द्वारा सभी खिलाड़ियों को जर्सी देकर फाइनल मैच में उतारा गया वही फाइनल मैच के अंतिम 5 मिनट में लगातार दो गोल करने वाले बबलु राणा को मैन ऑफ द मैच तथा गुम्मो के प्रशांत पांडे को मैन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया वही डोमचांच महिला टीम के काजल कुमारी को मैन ऑफ द मैच दिया गया इस मैच में निर्णायक की अहम भूमिका सोनू गुप्ता संजय दास एवं राहुल यादव ने निभाई इस मौके पर उपस्थित विनाश टू डू ने कहा कि जितना भव्य तरीके से इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया उसके लिए पूरे चंदवारा वाई. ए. सी. की टीम बधाई के पात्र हैं तथा उन्होंने कहा कि प्रशासन हरसंभव ग्रामीणों से संबंध बनाने के लिए प्रयासरत हैं आप हम से मित्रता पूर्ण व्यवहार करें हम यह अपेक्षा करते हैं वही संतोष कुमार कुशवाहा ने कहा कि जिस तरीके से 2 दिन में ही इतना भव्य तरीके से आयोजन किया गया वह बहुत ही सराहनीय है इस पूरे मैच का कवरेज ड्रोन कैमरा के द्वारा तथा यूट्यूब पर प्रसारित किया गया वही पूरी सोशल मीडिया पर इस सफल फुटब०ल टूर्नामेंट का वाई. ए. सी को बधाई देने का सिलसिला जारी है इस मौके पर उप मुखिया बसंती देवी, राकेश पंडित कुंदन कुमार ,पूर्व कप्तान अनिल राणा, आबिद हुसैन, पूर्व खिलाड़ी सॉफ्टवेयर इंजीनियर संजय भारती पूर्व खिलाड़ी गोविंद साव ,अजय भारती, मिथिलेश रजक, साकेत कुमार, रंजीत कुमार, विकास कुमार, शिक्षक सोनू कुमार ,छोटेलाल बरनवाल, दीपक कुशवाहा, प्रकाश शर्मा, कृष्णा पंडित, सिकंदर यादव, प्रमोद यादव, बिट्टू बरनवाल, नरेश भगत, अरुण कुमार यादव ,अरुण शर्मा, शंकर पांडे संजय दास व सैकड़ों की संख्या में दर्शकगण मौजूद रहे

## कान्हाचट्टी बी डी ओ ने दीपावली के पावन त्योहार में लिया बिरहोरों की सुध

### बिरहोर बच्चो के बीच मिठाई और मोमबत्ती आदि बांट कर मनाया दीपावली





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : प्रखण्ड के बक्चुम्बा पंचायत में निवास करने वाले आदिम जनजातियों के बच्चो संग कान्हाचट्टी बी डी ओ हुलास महतो ने दीपावली का त्योहार मिठाई और मोमबत्ती आदि बांट कर और बिरहोरों के साथ त्योहार को मनाया।दीपावली के दिन जब बी डी ओ श्री महतो ने रविवार की जब अहली सुबह ही बिरेखाप पहुंचे और जैसे ही बिरहोर बच्चो को पत्ता चला कि बी डी ओ साहब हमनी के मिठाई देवै ले आइल हथी तो बच्चों का खुशी का ठि. काना नहीं रहा।बच्चे काफी खुश थे।बी डी ओ ने बिरहोर बच्चों को एक जगह बैठा कर पहले उन्हें साफ सफाई में रहने,साफ कपड़ा पहनने एवं प्रतिदिन स्नान के साथ साथ अपने आस पास साफ सफाई में रहने के लिए प्रेरित किया।बताते चलें कि बी डी ओ हुलास महतो ने प्रत्येक त्योहारों में बिरहोरों के बीच जाकर उनके खुशियों को बांटते हैं।बी डी ओ श्री महतो ने कहा कि बिरहोर झारखण्ड के सबसे ट्राइबल जातियों में शामिल है।पहले तो इन्हें न कपड़ा पहनने और ना ही लोगों के साथ अच्छी से बात चीत करने की भी कला मालूम नहीं था।लेकिन वर्तमान समय मे अब बिरहोर जनजाति सभी के साथ अच्छी तरह बोल लेते हैं।और अब ये कृषि कार्य भी करने लगे हैं।इनकी दिनचर्या अब बदल रही है।इनके पहले के यानी निवर्तमान बी डी ओ पप्पू रजक ने भी बिरहोर परिवारों के लिए पर्व त्योहार में बिरेखाप गांव जाकर त्योहार साथ मे मनाते थे,तथा दो वर्ष बिता है उस वक्त अभी बिरहोर परिवारों के घरों को रंग रोगन कर चकाचक कर दिया गया था।मौके पर बी डी ओ के अलावा पंचायत सेवक यदुनंदन राम,मुरली राम,रोजगार सेवक विजय चौबे,सतीश कुमार,प्रकाश रजक सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## श्मशान घाट सेवा समिति के द्वारा दाह संस्कार के लिए लकड़ी का सहयोग

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव में मृत लोगों के अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियों का सहयोग करते आ रही श्मशान घाट सेवा समिति के द्वारा रविवार को बड़कागांव ठाकुर मोहल्ला निवासी गोपाल राणा के पिता जगदीश राणा की दे. हांत हो जाने पर समिति के द्वारा लकड़ी का सहयोग किया गया। बता दें कि समिति के द्वारा अंतिम संस्कार के लिए निशुल्क लकड़ियों का सहयोग किया जाता है। समिति के सदस्यों का कहना है कि मृत्यु एक कड़वा सत्य है जिसे हम सभी को स्वीकार करना चाहिए। अंतिम क्रिया में लोगों को कोई परेशानी ना हो इसलिए हम लोगों ने इस समिति का गठन किया है। मौके पर मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष दिनेश सिन्हा, समिति के सदस्य सह मुखिया रंजीत कुमार, बड़कागांव मध्य पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रितेश कुमार ठाकुर, विशंभर ठाकुर, मुकेश ठाकुर, विनय ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ में वनाधिकार को लेकर समुदाय एवं जनप्रतिनिधियों के बीच जनसंवाद

### वनाधिकार के लंबित दावों का अधिकार पत्र नहीं मिलने पर होगा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



वनाधिकार को लेकर जनप्रतिनिधि एवं समुदाय के बीच जनसंवाद में मौजूद

वन अधिकार अधिनियम 2006 को लेकर भेलवारा पंचायत भवन में समुदाय एवं जनप्रतिनिधियों के बीच जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया लक्ष्मी कुमारी व संचालन एकता परिषद के जिला संयोजक चुनुलाल सोरेन ने किया। आयोजन एकता परिषद हजारीबाग द्वारा प्रयोग समाजसेवी संस्था के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, वीर सिद्धो-कान्हो तथा संथाल हूल महानायकों के चित्र पर पुष्पांजलि कर की गई। जिला संयोजक ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि वनाधिकार के तहत विष्णुगढ़ व टाटीझरिया प्रखंड के 13 गांवों का सामुदायिक एवं व्यक्तिगत लंबित दावों का अधिकार पत्र नहीं मिलना प्रशास. निक उदासीनता को दर्शाता है। ये दावे बीते छह सालों से लंबित हैं जबकि कानून लागू हुए 15 साल होने को हैं। कहा कि दो माह में जिला प्रशासन द्वारा साकारात्मक कदम नहीं उठाने पर 30 जनवरी शहादत दिवस पर जिला मुख्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। राज्य संरक्षक रामस्वरूप तिवारी ने कहा कि कानून के मुताबिक 13 दिसंबर 2005 के पहले तक जो वन या वनोत्पाद पर निर्भर है, उन्हें इस कानून के तहत ग्राम सभा को अधिकार देय है। मध्य जिप सदस्य शेख तैयब एवं पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश पटेल ने वन अधिकार मुद्दों पर बगोदर विधायक बिनोद सिंह को अवगत कराकर सरकार और प्रशासन पर दबाव बनाने का आश्वासन दिया। मौके पर उपप्रमुख सरयू साव, पंसस अजय मंडल, खरना मुखिया प्रतिनिधि राजेश प्रसाद, रोजगार सेवक संझलु हांसदा, भाजयुमो के महेंद्र कुमार, गंगाधर महतो के अलावा राज्य संयोजक सरयू प्रसाद, मनोज बेसरा, सोहन हेम्ब्रम, दिलीप टुडु, जीतलाल मरांडी, सिमोती देवी, बसंती देवी, रीता देवी, मोतीराम मरांडी, लखन मरांडी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।




APEM LIVE